**दिनांक–22.03.2024**
**समय–7.10एएम**
**<u>आकाशवाणी, भोपाल</u>**
**<u>प्रातःकालीन समाचार</u>**

**सबसे पहले इस बुलेटिन के मुख्य समाचार :–**

- लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिए नामांकन प्रक्रिया जारी। प्रदेश में अब तक 6 उम्मीदवारों ने 9 नामांकन किये दाखिल।
- धार के एतिहासिक भोजशाला का आज से एएसआई टीम द्वारा वैज्ञानिक सर्वे।
- लोकसभा चुनाव को लेकर प्रदेश में तैयारियों और मतदाता जागरूकता का दौर जारी।
- टी–20 क्रिकेट के आईपीएल की आज से चेन्नई में होगी शुरूआत। धोनी और कोहली की टीम आमने–सामने।

**<u>लोकसभा नामांकन</u>**

प्रदेश में लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिये नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया आज तीसरे दिन भी जारी है। कल तीन लोकसभा संसदीय क्षेत्रों में 3 उम्मीदवारों ने 3 नामांकन पत्र दाखिल किये है। अब तक कुल 6 उम्मीदवारों द्वारा 9 नामांकन पत्र दाखिल किये हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि नाम निर्देशन प्रक्रिया के दूसरे दिन लोकसभा संसदीय सीधी, मंडला और बालाघाट में एक–एक उम्मीदवार द्वारा एक–एक नाम निर्देशन पत्र दाखिल किया है। प्रथम चरण के लोकसभा संसदीय क्षेत्र जबलपुर और छिन्दवाड़ा में अब तक कोई नामांकन नहीं हुआ है। उम्मीदवारों के शपथ–पत्र एवं अन्य जानकारियां भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट की लिंक https://affidavit.eci.gov.in/ पर देखी जा सकती हैं। पहले चरण के लिये नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 27 मार्च है। पत्रों की संवीक्षा 28 मार्च को की जाएगी। अभ्यर्थी 30 मार्च तक अपने नाम वापस ले सकेंगे। पहले चरण के लिए शुक्रवार, 19 अप्रैल को मतदान होगा। मतगणना 4 जून को होगी। श्री राजन ने बताया है कि जिला निर्वाचन कार्यालयों में अवकाश के दिन नाम निर्देशन पत्र जमा नहीं होंगे। दिनांक 23 मार्च को चौथे शनिवार साथ ही 24 और 25 मार्च को सार्वजनिक अवकाश के दिन नाम निर्देशन पत्र जमा नहीं होंगे।

**<u>मतदान केन्द्र</u>**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि लोकसभा चुनाव में प्रदेश में 3500 मतदान केन्द्रों पर महिला मतदान कर्मियों द्वारा मतदान कराया जायेगा। 250 मतदान केन्द्रों पर दिव्यांग मतदान कर्मियों द्वारा मतदान कराया जायेगा। इन मतदान केन्द्रों पर मतदान दल दिव्यांग अधिकारी/कर्मचारी का ही होगा। श्री राजन ने बताया कि करीब 5 लाख 20 हजार मतदान कर्मी, सेक्टर ऑफिसर, पुलिस कर्मी के रूप में अधिकारियों/कर्मचारियों की निर्वाचन ड्यूटी लगायी जा रही है।

**<u>भाजपा तीसरी सूची</u>**

भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा चुनाव के लिए नौ उम्मीदवारों की तीसरी सूची जारी की है। तमिलनाडु में, केंद्रीय सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री एल मुरुगन नीलगिरी से और तेलंगाना के पूर्व राज्यपाल तमिलिसाई सुंदरराजन चेन्नई दक्षिण सीट से चुनाव लड़ेंगे। राज्य में पार्टी प्रभारी के.

अन्नामलाई को कोयंबटूर से चुनाव मैदान में उतारा गया है। इससे पहले पार्टी 267 उम्मीदवारों के नामों की सूची जारी कर चुकी है।

## कांग्रेस–सूची

कांग्रेस ने कल आगामी लोकसभा चुनाव के लिए 57 उम्मीदवारों की एक और सूची जारी की। अरुणाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री नबाम तुकी अरुणाचल पश्चिम सीट से लोकसभा का चुनाव लड़ेंगे जबकि पुदुच्चेरी के पूर्व मुख्यमंत्री वैतिलिंगम पुदुच्चेरी लोकसभा सीट से चुनाव लड़ेंगे। मौजूदा लोकसभा में कांग्रेस पार्टी के नेता अधीर रंजन चौधरी पश्चिम बंगाल के बहरामपुर से चुनाव लड़ेंगे।

## भोजशाला

धार के ऐतिहासिक स्मारक भोजशाला का हाईकोर्ट के निर्देश पर ए.एस.आई टीम द्वारा आज से सर्वे प्रारंभ होगा। इस संबंध मे आर्किलॉजिकल सर्वे ऑफ इण्डिया के अपर महानिदेशक प्रो. आलोक त्रिपाठी ने सूचना स्थानीय प्रशासन को दी है। टीम की सुरक्षा और अन्य व्यस्था को देखने के लिए आज कलेक्टर प्रियंक मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार सिंह ने भोजशाला का दौरा किया। एसपी श्री सिंह ने बताया कि "सर्वे शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो जाए इसलिए पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। साथ ही उन्होंने जनता से अपील करते हुए कहा कि माननीय हाई कोर्ट का निर्देश पर परिसर का सर्वे होना है सभी सहयोग करें शहर की अमन शांति बनाए रखे। उल्लेखनीय है कि 6 सप्ताह मे सर्वे की टीम भोजशाला के 50 मीटर परिधि मे सभी जीपीआर टेक्निक, जीपीएस टेक्निक, कार्बन डेटिंग के साथ नवीन तरीके से भोजशाला मे साइंटिफिक सर्वे करेगी।

## लोकसभा चुनाव तैयारियां

प्रदेश में लोकसभा चुनावों को लेकर मतदाता जागरुकता और अन्य गतिविधियां जारी है। खण्डवा जिले में नियुक्त अतिरिक्त मतदान दलों का प्रशिक्षण आज आयोजित किया गया है। आगरमालवा जिले के सुसनेर में सीमावर्ती जिला झालावाड़, राजगढ़ और आगरमालवा के जिला आबकारी अधिकारियो की अवैध मदिरा के परिवहन, सहित अन्य विषयों पर समन्वय बैठक का आयोजन कल किया गया। झाबुआ में भगोरिया उत्सव में पहुंच कर कलेक्टर नेहा मीना ने मतदाता जागरूकता अभियान के तहत भीली भाषा में शपथ दिलाई। छतरपुर में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने कल जन जागरूकता रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। शिवपुरी जिले के पिछोर जनपद की ग्राम पंचायत सेमरी में स्वीप गतिविधि के तहत कल मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस अभियान के अंतर्गत घर घर जाकर पैंपलेट आदि बांटे गए।

## निर्वाचन आयोग–चुनाव बॉण्ड

निर्वाचन आयोग ने चुनावी बांडों के नम्बर सहित उनसे संबंधित डेटा सार्वजनिक किया है। इन नम्बरों से बॉण्डों के खरीदारों का, धन प्राप्त करने वाले राजनीतिक दलों के साथ मिलान करने में सहायता मिल सकती है। सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के बाद भारतीय स्टेट बैंक ने इनके बारे में विवरण प्रस्तुत किया था। इसके बाद निर्वाचन आयोग ने दानदाताओं और प्राप्तकर्ताओं की अलग–अलग सूचियां अपनी वेबसाइट पर प्रकाशित की हैं।

## ईवीएम– रेंडमाइजेशन

लोकसभा चुनाव को लेकर 34 जिलों में इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) के प्रथम रेंडमाइजेशन की प्रक्रिया कल संपन्न हुई। प्रक्रिया मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनैतिक दलों के अधिकृत प्रतिनिधियों तथा संबंधित जिलों के कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों की उपस्थिति में हुई। रेंडमाइजेशन प्रक्रिया पूरी होने के बाद इन मशीनों को विधानसभा क्षेत्र वार अलॉट कर दिया गया है। ईवीएम को विधानसभा क्षेत्र के स्ट्रांग रूम में सुरक्षित रख दिया गया है। इनमें श्योपुर, मुरैना, ग्वालियर, दतिया, दमोह, सतना, रीवा, जबलपुर, डिंडोरी, मंडला, बालाघाट, बैतूल, हरदा, विदिशा, भोपाल, सीहोर, एवं निवाड़ी जिले शामिल है। इसके अलावा 18 जिलों में आज प्रथम रेंडमाइजेशन होगा इनमें इंदौर, अलीराजपुर, झाबुआ, खरगौन, बड़वानी शामिल हैं।

## आईपीएल क्रिकेट

टी–20 क्रिकेट की इंडियन प्रीमियर लीग के 17वें सीजन की आज से चेन्नई में शुरूआत हो रही है। पहला मुकाबला गत विजेता चेन्नई सुपर किग्स और रायल चेलेन्जर्स बैंगलूरू के बीच होगा। इससे पहले उद्घाटन समारोह में कई फिल्म अभिनेता और गायक प्रस्तुति देंगे। पहले मुकाबले में एमएस धोनी और विराट कोहली की टीम आमने सामने है। प्रतियोगिता में 10 टीमे शामिल हो रही हैं।

**अब कुछ समाचार संक्षेप में .....**

- खरगोन जिले के चैनपुर थाना क्षेत्र में कल भगोरिया से लौट रहे ग्रामीणों की ट्रैक्टर ट्रॉली पलट जाने से 3 वर्षीय बालिका समेत दो लोगों की मृत्यु हो गई और 18 अन्य घायल हो गए।
- आगरमालवा जिले में पशुधन के लिए चारा व भूसे की पूर्ति बनाये रखने हेतु कलेक्टर ने अन्य जिलों व राज्यों में चारा, भूसा के निर्यात एवं उद्योगों के रूप में उपयोग पर रोक लगा दी है।
- धार्मिक नगरी मैहर में इस वर्ष चैत्र नवरात्रि का मेला 9 अप्रैल से शुरु होगा। नव दिवसीय मेले में लाखों की संख्या में दर्शनार्थी मां शारदा दर्शन के लिये मैहर आते हैं। इसको लेकर कल कलेक्ट्रेट सभागार मैहर में बैठक में जिला कलेक्टर ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिये।
- रायसेन में भगवान बुद्ध के शिष्यों अर्हन्त सारिपुत्र और अर्हंत महामोगल्यान के पवित्र अवशेषों को थाईलैंड से वापस सांची में बौद्ध स्तूप परिसर में स्थित चैत्यगिरी विहार मंदिर में लाया गया।
- मौसम विभाग ने प्रदेश के सिंगरौली रीवा मउगंज सतना मैहर जिलों सहित 11 जिलों के लिए आज भी बिजली चमकने और तेज हवाओं के साथ हल्की बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। वहीं शेष जिलों में अधिकतम तापमान में वृद्धि देखी जा सकती है।

——————————————

## न्यूज फॉर हिन्दी वैब -

### (1) लोकसभा नामांकन-प्रदेश

प्रदेश में लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिये नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया आज तीसरे दिन भी जारी है। कल तीन लोकसभा संसदीय क्षेत्रों में 3 उम्मीदवारों ने 3 नामांकन पत्र दाखिल किये है। अब तक कुल 6 उम्मीदवारों द्वारा 9 नामांकन पत्र दाखिल किये हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि

नाम निर्देशन प्रक्रिया के दूसरे दिन लोकसभा संसदीय सीधी, मंडला और बालाघाट में एक-एक उम्मीदवार द्वारा एक-एक नाम निर्देशन पत्र दाखिल किया है। प्रथम चरण के लोकसभा संसदीय क्षेत्र जबलपुर और छिन्दवाड़ा में अब तक कोई नामांकन नहीं हुआ है। उम्मीदवारों के शपथ-पत्र एवं अन्य जानकारियां भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट की लिंक ीजजचेरूध्ध्िंपिकंअपजणमबपणहवअण्पदध् पर देखी जा सकती हैं। पहले चरण के लिये नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 27 मार्च है। पत्रों की संवीक्षा 28 मार्च को की जाएगी। अभ्यर्थी 30 मार्च तक अपने नाम वापस ले सकेंगे। पहले चरण के लिए शुक्रवार, 19 अप्रैल को मतदान होगा। मतगणना 4 जून को होगी। श्री राजन ने बताया है कि जिला निर्वाचन कार्यालयों में अवकाश के दिन नाम निर्देशन पत्र जमा नहीं होंगे। दिनांक 23 मार्च को चौथे शनिवार साथ ही 24 और 25 मार्च को सार्वजनिक अवकाश के दिन नाम निर्देशन पत्र जमा नहीं होंगे।

### (2) ईवीएम- रेंडमाइजेशन-प्रदेश

लोकसभा चुनाव को लेकर 34 जिलों में इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) के प्रथम रेंडमाइजेशन की प्रक्रिया कल संपन्न हुई। प्रक्रिया मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनैतिक दलों के अधिकृत प्रतिनिधियों तथा संबंधित जिलों के कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों की उपस्थिति में हुई। रेंडमाइजेशन प्रक्रिया पूरी होने के बाद इन मशीनों को विधानसभा क्षेत्र वार अलॉट कर दिया गया है। ईवीएम को विधानसभा क्षेत्र के स्ट्रांग रूम में सुरक्षित रख दिया गया है। इनमें श्योपुर, मुरैना, ग्वालियर, दतिया, दमोह, सतना, रीवा, जबलपुर, डिंडोरी, मंडला, बालाघाट, बैतूल, हरदा, विदिशा, भोपाल, सीहोर, एवं निवाड़ी जिले शामिल है। इसके अलावा 18 जिलों में आज प्रथम रेंडमाइजेशन होगा इनमें इंदौर, अलीराजपुर, झाबुआ, खरगौन, बड़वानी शामिल हैं।

### (3) लोकसभा चुनाव तैयारियां-प्रदेश

प्रदेश में लोकसभा चुनावों को लेकर मतदाता जागरुकता और अन्य गतिविधियां जारी है। खण्डवा जिले में नियुक्त अतिरिक्त मतदान दलों का प्रशिक्षण आज आयोजित किया गया है। आगरमालवा जिले के सुसनेर में सीमावर्ती जिला झालावाड़, राजगढ़ और आगरमालवा के जिला आबकारी अधिकारियो की अवैध मदिरा के परिवहन, सहित अन्य विषयों पर समन्वय बैठक का आयोजन कल किया गया। झाबुआ में भगोरिया उत्सव में पहुंच कर कलेक्टर नेहा मीना ने मतदाता जागरूकता अभियान के तहत भीली भाषा में शपथ दिलाई। छतरपुर में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने कल जन जागरूकता रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। शिवपुरी जिले के पिछोर जनपद

की ग्राम पंचायत सेमरी में स्वीप गतिविधि के तहत कल मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस अभियान के अंतर्गत घर घर जाकर पैंपलेट आदि बांटे गए।

### (4) भोजशाला सर्वे -धार

धार के ऐतिहासिक स्मारक भोजशाला का हाईकोर्ट के निर्देश पर ए.एस.आई टीम द्वारा आज से सर्वे प्रारंभ होगा। इस संबंध मे आर्किलॉजिकल सर्वे ऑफ इण्डिया के अपर महानिदेशक प्रो. आलोक त्रिपाठी ने सूचना स्थानीय प्रशासन को दी है। टीम की सुरक्षा और अन्य व्यस्था को देखने के लिए आज कलेक्टर प्रियंक मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार सिंह ने भोजशाला का दौरा किया। एसपी श्री सिंह ने बताया कि “सर्वे शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो जाए इसलिए पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। साथ ही उन्होंने जनता से अपील करते हुए कहा कि माननीय हाई कोर्ट का निर्देश पर परिसर का सर्वे होना है सभी सहयोग करें शहर की अमन शांति बनाए रखे। उल्लेखनीय है कि 6 सप्ताह मे सर्वे की टीम भोजशाला के 50 मीटर परिधि मे सभी जीपीआर टेक्निक, जीपीएस टेक्निक, कार्बन डेटिंग के साथ नवीन तरीके से भोजशाला मे साइंटिफिक सर्वे करेगी।

------------------------------